दैनिक
# पदमावत मीडिया
Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•
www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com
वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 221 • मुंबई, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

## राजस्थान-मध्य प्रदेश से 35000 का इनामी गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले के कोतवाली थाना पुलिस की टीम ने धमकी देकर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित चल रहे बदमाश इंतखाब उर्फ मौलाना पुत्र पिरशेद खान (52) निवासी अखेपुर थाना प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा 25 हजार एवं मध्य प्रदेश की मंदसौर पुलिस द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित है। एसपी लक्ष्मण दास ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर वांछित अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारी लाल मीणा व सीओ हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में एसएचओ तेज करण सिंह चारण मय टीम द्वारा बुधवार को 35 हजार के इनामी उक्त बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट जैसे 14 गंभीर मामले राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं कोलकाता एसीबी में दर्ज है। एसपी दास ने बताया कि बुधवार को थाना प्रतापगढ़ पुलिस टीम को सूचना मिली कि गत वर्ष उनके यहां धारा 384, 387, 306, 506 एवं 120बी में दर्ज मुकदमे में वांछित 25 हजार रुपये का इनामी इंतखाब उर्फ मौलाना अपने गांव आया हुआ है। सूचना पर टीम ने दबिश देकर इसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी थाना नारायणगढ़ एमपी में हत्या एवं हत्या के प्रयास के मामले में वांछित है।

## अमित शाह के रोड शो को लेकर लिया जायजा



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के शुक्रवार को प्रस्तावित रोड शो को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने देर रात बापू बाजार में तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान राजस्थान सहप्रभारी विजया रहाटकर, उदयपुर लोकसभा संयोजक प्रमोद सामर, जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, जिला उपाध्यक्ष अतुल चंडालिया सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।

## नाबालिग से मारपीट कर स्कूटी जलाने वाले आरोपी हुए गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शहर के सवीना थाना अंतर्गत सेक्टर 14 स्थित सीए सर्कल पर गत दिनो में रात्रि में नाबालिग बच्चों से मारपीट कर उनकी स्कूटी को जलाने के मामले में वांछित आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 16 अप्रैल की घटना को लेकर सेक्टर 14 निवासी मूलचंद पुत्र श्रवण बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर एएसपी सिटी उमेश ओझा के सुपरविजन में सवीना



थानाधिकारी फूलचंद टेलर के नेतृत्व में टीम ने सवीना खेड़ा निवासी आरोपी प्रताप सिंह पुत्र स्वर्गीय भानसिंह देवड़ा और अजय सिंह पुत्र भंवर सिंह झाला को गिरफ्तार किया। हैड कांस्टेबल रामस्वरुप को इस मामले की जांच सौंपी है।

## गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर उखलियात सुरंग के पास तेज रफ्तार ट्रेलर 50 फीट गहरी खाई में गिर गया



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के बेकरिया थाना अंतर्गत गोगुंदा-पिंडवाड़ा स्टेट हाइवे पर गुरुवार को पत्थर लदे ट्रक की टक्कर से नमकीन से भरे ट्रक में सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार पिंडवाड़ा हाईवे पर उखलियात टनल के पास गोपाल नमकीन गुजरात के ट्रक को पत्थरों से भरे ट्रक ने तेज गति से टक्कर मार दी। हादसे में नमकीन वाले ट्रक में सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि चालक गुजरात निवासी साहिल खान गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची बेकरिया थाना पुलिस ने शव को बेकरिया अस्पताल पहुंचाया जबकि गंभीर घायल साहिल को 108 एम्बुलेंस की मदद से उदयपुर जिला मुख्यालय पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने पत्थर भरे ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही गोपाल नमकीन के मालिक को भी हादसे की सूचना दी है।

## प्रो.अमेरिका सिंह की आरएसडब्लूएम लिमिटेड के प्रसिडेंट मनोज शर्मा से शिष्टाचार भेंटवार्ता
## औद्योगिक मांग में युवा जनशक्ति की पूर्ति में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका - प्रो. अमेरिका सिंह



पदमावत मीडिया

**जयपुर।** निम्स विश्वविद्यालय के सलाहकार एवं पूर्व कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह ने गुरुवार को विख्यात ओद्योगिक इकाई आरएसडब्लूएम लिमिटेड, गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) के प्रसिडेंट मनोज शर्मा से शिष्टाचार भेंटवार्ता की और विद्यार्थियों के कौशल विकास, औद्योगिक भ्रमण एवं निम्स के विद्यार्थियों को वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य के अनुसार किस प्रकार ओद्योगिक मांग के अनुरूप तैयार कर उद्योग जगत की जनशक्ति की मांग की पूर्ति की जा सके के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रोफेसर सिंह ने इस विख्यात औद्योगिक इकाई का भ्रमण भी किया और निम्स के विद्यार्थियों के औद्योगिक प्रशिक्षण के संबंध में ओद्योगिक इकाई के संचालन से जुडी महत्वपूर्ण जानकारिया प्राप्त की और यूनिट का भ्रमण किया। चर्चा के दौरान प्रोफेसर अमेरिका सिंह ने कहा कि आज के अद्यतन और नए युग के कौशल एकीकृत उच्च शिक्षा 21 वीं सदी की अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए कैरियर निर्माण के इच्छुक छात्रों के लिए बुनियादी आवश्यकता है। हमारे युवा विद्यार्थी प्रतिभाओं का भंडार है जिन्हे औद्योगिक प्रशिक्षण और कौशल विकास के माध्यम से सशक्त किया जा सकता है। एनईपी शिक्षा के लिए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण पर जोर देती है, जिसका लक्ष्य व्यावसायिक और कौशल शिक्षा को मुख्यधारा की शिक्षा में एकीकृत करना और छात्रों को विशिष्ट करियर के लिए प्रासंगिक नए-युग के कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे उनका विकास हो सके। आरएसडब्लूएम लिमिटेड के प्रसिडेंट मनोज शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और शोध-अनुसंधान दोनों ही किसी भी शिक्षा व्यवस्था के वो आधार है जो मूल्यपरक शिक्षा को आकार देने के साथ नवीन ज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ाता है। अनुसंधान आधारित गुणवत्तायुक्त शिक्षा और उनका शिक्षण दोनों ही अहम क्षेत्र है जहां गंभीरता के साथ सकारात्मकता के साथ काम करने की आवश्यकता है। देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए और सजग, विचारशील और नवीनतम आयामों को ग्रहण करने वाले एक सशक्त युवा वर्ग के निर्माण के लिए बहुत आवश्यक है।

## मछली सेंटर पर तोड़फोड़ और पथराव करने के मामले में प्रताप नगर पुलिस ने 2 वर्ष से फरार आरोपी को पकड़ा

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने उदयसागर स्थित पनवाडी मछली सेंटर पर आगजनी, तोड़फोड़ और पथराव की घटना के मामले में 2 साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि आरोपी गोविंद पुत्र मांगीलाल गमेती निवासी हनुमान फला नेला को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पुलिस द्वारा पूर्व में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



भीड़ को उकसाने और घटना का मुख्य आरोपी गोविंद गमेती घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी और आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

ये रहे टीम प्रभारी व सदस्य में शामिल प्रताप नगर थानाधिकारी भरत योगी, उ.नि. विजेन्द्र सिंह, स.उ.नि. पर्वत सिंह, हैड कांस्टेबल उमेदाराम, कांस्टेबल इन्द्राज, कांस्टेबल साईबर सेल उदयपुर के लोकेश रायकवाल के द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

## पद्मभूषण डॉ मोहन सिंह मेहता की 129 वीं जयंती 20 अप्रैल को

पदमावत मीडिया

उदयपुर, महान शिक्षाविद, प्रशासक व समाजसेवी पद्मभूषण डॉ. मोहन सिंह मेहता की 129 वीं जयंती आगामी शनिवार ,20 अप्रैल को भव्यता के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर विद्या भवन स्कूल प्रांगण में पूर्व विद्यार्थियों का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित होगा। विद्या भवन विद्या बन्धु संस्थान के आमोद प्रमोद मंत्री गोपाल कृष्ण बम्ब ने बताया कि कार्यक्रम में खासतौर पर सैंतीस वर्ष पूर्व , 1987 में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का सपरिवार सम्मान किया जाएगा । इस अवसर पर विद्या बंधु संस्थान की वार्षिक पत्रिका *मुख पत्र* के 36 वें अंक का भी विमोचन किया जायेगा। मुख पत्र में विद्या भवन के पूर्व विद्यार्थियों , शिक्षकों , विद्या भवन प्रबंधन से जुड़े गणमान्य नागरिकों द्वारा अपने संस्मरण लिखे गए हैं समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षिका आशा पोरवाल होगी। अध्यक्षता पूर्व विद्यार्थी आमोद माथुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि मुकुल श्रीवास्तव होंगे कार्यक्रम में विद्या बन्धु संस्थान की अध्यक्षा पुष्पा शर्मा , विद्या भवन सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र तायलिया, पूर्व अध्यक्ष अजय मेहता , मुख्य संचालक .डॉ अनुराग प्रियदर्शी , स्कूल प्रिंसिपल पुष्पराज सिंह राणावत सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## भाण्डवपुर तीर्थ में चातुर्मास आवेदन पत्र किया जारी

पदमावत मीडिया

**भाण्डवपुर तीर्थ।** सायला उपखण्ड क्षेत्र के भाण्डवपुर महातीर्थ में आयोजित सन् 2024 चातुर्मासिक आराधनार्थ आवेदन पत्र आज भाण्डवपुर तीर्थ में विराजित कार्यदक्ष मुनिराज श्री आनंदविजय जी म.सा. की शुभा मिश्रा में शा.नेनमल छत्रियवोरा ने जारी किया। परम पूज्य पुण्य सम्राट श्री जयंतसेन सूरीश्वरजी म.सा. के पट्टधर भाण्डवपुर तीर्थोद्ध-ारक आचार्य देव श्रीमद् विजय जयर| सूरीश्वरजी म.सा. आदि श्रमण-श्रमणी



वृन्द का सन् 2024 का चातुर्मास प्रवेश 17 जुलाई को होगा एवं चातुर्मासिक आराधनार्थ आराधकों का आगमन 19 जुलाई को होगा 20 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ होगा।

शांत रमणीय तीर्थ भूमि में आराधना करने हेतु आवेदन पत्र भरकर शीघ्र पंजीयन करावें।

# महावीर जयंती पर भव्य शोभायात्रा एवं जैन समाज का होगा महाकुंभ
# धूमधाम से मनाया जाएगा 2623वां महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सकल जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था महावीर जैन परिषद के तत्ववाधान में श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर नगर निगम प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं, श्री महावीर युवा मंच संस्था संस्थान द्वारा बीएन कॉलेज प्रांगण में सकल जैन समाज के एक लाख धर्मावलम्बियों का स्वामीवात्सल्य का आयोजन होगा।

पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए परिषद के मुख्य संयोजक राजकुमार फत्तावत ने बताया कि 21 अप्रेल रविवार को प्रात» 8.30 बजे नगर निगम प्रांगण में समाजसेवी शांतिलाल वेलावत के ध्वजारोण के साथ महावीर जयंती महोत्सव का आगाज होगा। शोभायात्रा नगर निगम प्रांगण से प्रारम्भ होकर सूरजपोल, बापूबाजार, देहली गेट, मण्डी, मार्शल चौराहा, स्थल मंदिर, सूरजपोल होते हुए बीएन कॉलेज प्रांगण पहुंचेगी। जहां सकल जैन समाज का महाकुंभ होगा। जिसमें असम के राज्यपाल महामहिम गुलाबचंद कटारिया मुख्य अतिथि होंगे। वहीं राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक समारोह की अध्यक्षता करेंगे। समारोह में शहर विधायक तारांचद जैन, नगर निगम उप महापौर पारस सिंघवी बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उक्त समारोह में शांतिलाल वेलावत को समाजभूषण, सागवाड़ा के समाजसेवी दिनेश खोडनिया को समाज गौरव तथा भीलवाड़ा के राजेन्द्र-पुष्पा गोखरू को समाज दम्पती गौरव के अलंकरण से नवाजा जाएगा। साथ ही स्वामीवात्सल्य में विशेष सहयोगकर्ताओं को डायमण्ड एवं गोल्डन कॉन्ट्रीब्यूटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान फत्तावत ने समग्र जैन समाज के धर्मावलम्बीयों से आव्हान किया है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व लोकसभा चुनाव में 26 अप्रेल को शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करें।

- 108 स्वागत द्वारों से होगा शोभायात्रा का स्वागत व सामाजिक संदेश देने वाली होगी झांकिया

महावीर जैन परिषद के कोषाध्यक्ष कुलदीप नाहर ने बताया कि 21 अप्रेल को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के मार्ग में समाजजनों द्वारा जगह-जगह 108 तोरणद्वार बनाकर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। वहीं समाजजनों द्वारा अनैक स्थानों पर ठण्डाई, आईस्क्रीम, कुल्फी, पानी, केरी पानी, छाछ आदि प्रभावना वितरित की जाएगी। नाहर ने बताया कि शोभायात्रा में विभिन्न समाज, संगठनों एवं विद्यालयों की पर्यावरण, स्वच्छ भारत अभियान, भगवान महावीर के सिद्धांत, देशभक्ति, जल संरक्षण, सेवा एवं परोपकार, नशामुक्ती, शाकाहार, सामाजिक कुरूतियों की रोकथाम व महिला सशक्तिकरण विषय पर आधारित 22 झांकियां चलेगी। शोभायात्रा में समाज विभिन्न संगठनों, विद्यालय व झांकियों में प्रतिस्पर्धा रखी गई है। जिमसें विजेताओं को पारितोषिक दिया जाएगी। शोभायात्रा में सभी पुरूष श्वेत परिधान एवं महिलाएं चुदड़ में शामिल होगी।

जैन जागृति सेन्टर के अध्यक्ष व शोभायात्रा के संयोजक सुधीर चित्तौड़ा ने बताया कि शोभायात्रा में सबसे आगे एस्कोर्ट रूट क्लियरिंग टीम, उसके पीछे गजराज, 11 अश्व सवार हाथों में जैन ध्वज लिए चलेंगे। उनके बाद अंहिसा प्रतिक चिन्ह, पावापुरी व सप्त किरण बग्गी चलेगी। उनके पीछे 108 इन्द्रियाणियां अपने हाथों में जैन ध्वज लेकर चलेगी। उनके पीछे बैण्ड व विभिन्न विद्यालयों के छात्र, उनके बाद विभिन्न समाज व संगठनों की झाकियां, हाथ से खिचने वाला रथ, उसके बाद विभिन्न समाज व संगठनों के पुरूष व महिलाएं तीन तीन की कतार में शोभायात्रा में चलेगी। शोभायात्रा में पुरूष श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं केसरिया परिधान में शोभायात्रा को सुशोभित करेगी। जैन जागृति सेन्टर के 150 से अधिक कार्यकर्ता शोभायात्रा का संचालन करेंगे।

- महावीर जयन्ती पर होगा एक लाख धर्मावलम्बीयों को होगा महाकुंभ

महावीर युवा मंच संस्थान के अध्यक्ष अशोक कोठारी एवं मुख्य संयोजक संजय भण्डारी ने बताया कि 21 अप्रेल को सकल जैन समाज का आठवां स्वामीवात्सल्य का आयोजन होगा। जिसमें सकल जैन समाज के करीब एक लाख धर्मावलम्बीयों का समागम होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही है। अलग-अलग समितियों का गठन कर 100 से अधिक कार्यकर्ता अपने-अपने कार्यों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है। मुख्य संयोजक संजय भण्डारी ने बताया कि बीएन कॉलेज प्रांगण में 90 हजार स्क्वायर फीट का विशाल डोम बनाया गया है। जिसमें 500 पंखे तथा एयर कूल करने के लिए सम्पूर्ण डोम में मिस्ड लाइन बिच्छाई गई है। संस्थान के अध्यक्ष अशोक कोठारी ने बताया कि स्वामीवात्सल्य में श्रीखण्ड, बेसन चक्की, मख्खन बड़ा, खिचड़ी, दाल, मटर पनीर, अमचुर, नमकीन, झकोलमा पुडी, छाछ व केरी पानी आदि शामिल है। भोजन वितरण के लिए जैन समाज के विभिन्न महिला संगठन व युवा संगठन के 500 साथी 50 काउन्टर पर मौजूद रहेंगे। पार्किंग की व्यवस्था बीएन कॉलेज ग्राउण्ड और दोनो ओवर ब्रिज के नीचे रहेगी।

पीले चावल व निमंत्रण पत्र से दिया जा रहा घर-घर आमंत्रण

महावीर युवा मंच संस्थान की महामंत्री विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि संस्थान महिला प्रकोष्ठ




की अध्यक्षा ऋतुमारू के नृतत्व में 100 से अधिक महिला संगठन उदयपुर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पीले चावल व निमंत्रण पत्र से घर-घर जाकर आमंत्रण दिया जा रहा है। गलूंडिया ने सम्पूर्ण जैन धर्मावलम्बीयों से आव्हान किया है कि आमंत्रण देने का पुरा प्रयास किया जा रहा है। फिर भी उदयुर में रह रहे सभी जैन परिवार स्वामीवात्सल्य को अपना कार्यक्रम समझकर शतप्रतिशत उपस्थिति दर्ज करावें तथा सब अपना कर्तव्य समझकर यह प्रयास करें कि 21 अप्रेल को किसी भी जैन परिवार में प्रात» चुल्हा न जले।

महावीर जयन्ती पर लक्ष्य 1008 विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

भारतीय जैन संघटना युथ विगं के अध्यक्ष जय चौधरी व महामंत्री आयुष वक्तावत ने बताया कि श्रमण भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर बीएन कॉलेज प्रांगण में प्रात» 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजन रखा गया है। जिसमें 1008 रक्त युनिट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिविर को लेकर युवक-युवतियों में भारी उत्साह है। सभी समाजजनों से अपील है कि अधिक से अधिक रक्त युनिट डोनेट कर जियो ओर जीने दो के सिद्धांत को चरितार्थ करें। प्रेसवार्ता में स्वामी वात्सल्य संयोजक श्याम नागोरी, रवि नाहर, सुधीर चित्तौड़ा, दिनेश मेहता, संस्थान के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सुराणा, बसंतीलाल कोठीफोड़ा, विजय सिसोदिया, लोकेश कोठारी, टीनू माण्डावत, चन्द्रप्रकाश चोरडिया, महेन्द्र तलेसरा, विनोद फान्दोत, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा ऋतु मारू आदि मौजूद रहे।

# सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट द्वारा निर्धन बेटियों की शादी में किया कन्यादान



पदमावत मीडिया

उदयपुर । ग़रीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अतियंत निर्धन परिवार टमू देवी एवं सुखवाल राव की पुत्रियों का विवाह समारोह सरस्वती माता मंदिर, सर्वोदय कोलोनी भुवाणा गुरुवार को आयोजित किया गया। प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि सचिव किसन राव के अनुरोध पर सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट ने विवाह समारोह में अपनी सहभागिता निभाते हुए निर्धन परिवार का सहयोग किया। निर्धन परिवार की बेटियां भावना राव एवं लीला राव के विवाह समारोह में संस्थापक दिनेश माली के नेतृत्व में 45000 रुपए का कन्यादान स्वरूप दोनों बेटियों को अलग अलग डबल बेड,डनलप के गद्दे, बेडशीट,तकीये एवं पेरावणी में विवाह समारोह के सुट व अन्य सामग्री भेंट की और कन्यादान किया । इस समारोह में संस्थापक दिनेश माली, उपाध्यक्ष पी एस पटेल,मणीबेन पटेल, कोषाध्यक्ष बालकृष्ण सुहालका,धारावती सुहालका, वरिष्ठ सदस्य ललीत सुहालका उपस्थित थे।

# युवाओं तक मतदान का संदेश पहुंचाने में निभाएं सक्रिय भूमिका- जिला निर्वाचन अधिकारी

पदमावत मीडिया

उदयपुर । लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव लोकसभा आम चुनाव-2024 में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नित नए नवाचार किए जा रहे हैं। उदयपुर जिले में सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की बैठक गुरूवार को कलक्टेऊ्ट मिनी सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

प्रारंभ में सोशल मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी डीओआईटी संयुक्त निदेशक सुश्री शीतल अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया हैण्डल्स पर चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। पूर्व बैठक में लिए निर्णय अनुसार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की ओर से मिल रहे सहयोग को रेखांकित किया। उन्होंने क्वीज, स्लोगन, रिल्स, मिम्स आदि के बारे में आमजन तक मतदान का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी पोसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया कम्यूनिकेशन का सशक्त प्लेटफार्म बन चुका है। विशेष कर युवा वर्ग इससे जुड़ा है। ऐसे में राष्ट्रीय महत्व के विषयों में सकारात्मक जानकारी आमजन तक पहुंचाने औन जनजागरण में सोशल मीडिया की महती भूमिका है। साथ ही सभी इंफ्लूएंसर्स से आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के तहत होने वाले मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने में सहयोग की अपील की। बैठक में शामिल इंफ्लूएंसर्स ने अपनी ओर से किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराते हुए आगामी दिनों में और अधिक सक्रियता के साथ मतदाता जागरूकता गतिविधियों में जुड़ने का भरोसा दिलाया।


एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक डॉ मजहर हुसैन ने निर्वाचन आयोग के विभिन्न एप की जानकारी देते हुए उन्हें प्रमोट करने की अपील की। सोशल मीडिया प्रकोष्ठ सहप्रभारी विनय सोमपुरा ने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैण्डल्स की रीच बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में संजित चौहान, संदीप राठौड़, प्रणय त्रिपाठी, गगन शर्मा, दिग्विजयसिंह, अभयसिंह भाटी, मनीष कोठारी, आरजे अंशुमान, रितिका कालरा, विप्लव सुथार, आरजे काव्य, भव्या कुमावत, डीओआईटी के विमलेशकुमार आदि उपस्थित रहे।

क्वीज व स्लोगन प्रतियोगिता



जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में उदयपुर जिले में मतदाताओं विशेष कर युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से स्मार्ट सिटी-स्मार्ट वोटर्स कैम्पेन शुरू किया गया है। प्रभारी अधिकारी सुश्री शीतल अग्रवाल ने बताया कि कैम्पेन के तहत ऑनलाइन क्वीज व स्लोगन प्रतियोगिता होगी। इसमें आमजन मोबाइल पर लिंक के माध्यम से जुड़ सकेंगे। क्वीज कॉम्पीटिशन में उन्हें निर्वाचन से जुड़े कुछ आसान सवालों के जवाब देने होंगे। इसी प्रकार स्लोगन राइटिंग कॉपीटिशन में मतदान से जुड़े स्लोगन लिखने होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही विजेताओं को कॉफी विथ कलेक्टर कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा।

# जिला कलक्टर ने लांच किया वोटर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम



पदमावत मीडिया

उदयपुर । लोकसभा आम चुनाव - 2024 में आमजन की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग और राजस्थान निर्वाचन विभाग की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र पर वोटिंग के दौरान कतार की स्थिति भी घर बैठे पता चल सकेगी और वे अपनी सुविधानुसार बूथ पर जाकर मतदान कर सकेंगे ताकि उन्हें वहां ज्यादा देर तक इंतजार नहीं करना पड़े। आईटी विभाग के सहयोग उदयपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए तैयार विशेष वेब रेस्पोरेंस एप वोटर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम को गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने प्रमुख सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर की उपस्थिति में लांच किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी पोसवाल ने बताया कि यह एप मतदाताओं के लिए बहुत अधिक सहायक सिद्ध होगा। इसकी मदद से मतदाता अपने बूथ पर कतार की स्थिति की जानकारी ले सकेंगे। पोसवाल ने सभी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर से उक्त एप की जानकारी अधिक से अधिक लोग तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की। इस दौरान एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक डॉ मजहर हुसैन, सोशल मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी डीओआईटी संयुक्त निदेशक सुश्री शीतल अग्रवाल, सह प्रभारी एपीआरओ विनय सोमपुरा सहित सभी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स उपस्थित रहे।

ऐसे कर सकते हैं उपयोग

एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक डॉ मजहर हुसैन ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत लांच वेब एप्लीकेशन वोटर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम का लिंक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ई-नगर डॉट कॉम स्लेश वीक्यूएमएस ***https://www.e-nagar.com/vqms*** रहेगा। लिंक पर क्लिक करने पर एक वेब पेज खुलेगा। मतदाता को वेब पेज पर 'बूथ में कतार की स्थिति जांचें' पर क्लिक करना होगा। मतदाता द्वारा संबंधित विधानसभा का चयन करने उपरांत मतदान केन्द्र का इन्द्राज कर कतार में खड़े मतदाताओं की संख्या की जानकारी मिल जाएगी। बी.एल.ओ. द्वारा संबंधित मतदान केन्द्र पर भीड़ की स्थिति एक निश्चित अन्तराल में वेब एप्लीकेषन पर अपडेट की जाएगी जिसे आमजन अपने मोबाइल पर आसानी से देख पाएंगे। उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में उदयपुर शहर एवं उदयपुर ग्रामीण विधानसभाओं के शहरी क्षेत्रों के करीब 300 मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को यह सुविधा प्राप्त होगी। इसके उपयोग करने के लिए बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# मतदान अधिकारी द्वितीय व तृतीय का प्रशिक्षण



पदमावत मीडिया

उदयपुर । लोकसभा आम चुनाव- 2024 के तहत 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान को लेकर गठित मतदान दलों में शामिल मतदान अधिकारी द्वितीय व तृतीय का द्वितीय प्रशिक्षण गुरूवार से जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी जितेंद्र ओझा ने बताया कि मतदान दलों का प्रशिक्षण माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय एवं राजकीय फतह उमावि में शुरू हुआ। पहले दिन मतदान दल क्रमांक 1500 तक के कार्मिकों ने प्रशिक्षण लिया, शेष कार्मिकों का प्रशिक्षण शुक्रवार को होगा। सह प्रभारी डॉ महामायाप्रसाद चौबीसा ने बताया कि कार्मिकों को अलग-अलग बैच में दक्ष प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया। इसमें मतदान अधिकारी द्वितीय व तृतीय के दायित्व, मतदान दिवस की पूर्व संध्या और मतदान दिवस पर की जाने वाले गतिविधियों, बरती जाने वाले सावधानियों आदि से अवगत कराया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार निर्धारित प्रपत्रों के संधारण आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण स्थल पर ही स्थापित सुविधा केंद्रों पर मतदान दलों में शामिल कार्मिकों ने डाक मत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण

पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने गुरूवार सुबह मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के आर्टस् कॉलेज परिसर में चल रहे ईवीएम कमिशनिंग कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर पोसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी उदयपुर राजीव द्विवेदी के साथ आर्टस् कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने विधानसभा वार ईवीएम कमिशनिंग कार्य का जायजा लेते हुए प्रभारी अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने ईवीएम में बैलेट पेपर सेट करने में पूर्ण सावधानी बरतने तथा मॉक पोल करके अच्छी तरह से जांच कर लेने के निर्देश दिए।

# मतदान दलों के लिए पंचायत समिति/तहसील मुख्यालयों पर रहेगी सशुल्क वाहन व्यवस्था

पदमावत मीडिया

उदयपुर । लोकसभा आम चुनाव - 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए प्रस्तावित मतदान को लेकर गठित मतदान दलों की सुविधा को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने रोडवेज मुख्य प्रबंधक को मतदान दल कार्मिकों के आवागमन के लिए सशुल्क पर्याप्त वाहन व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण 25 अप्रैल को सुबह 7 बजे से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के आर्टस् कॉलेज परिसर में प्रारंभ होगा। कार्मिकों के आगमन की समस्या के मद्देनजर आरएसआरटीसी के मुख्य प्रबंधक को उदयपुर और सलूम्बर जिले की संबंधित सभी तहसील और पंचायत समिति मुख्यालयों पर कार्मिक प्रकोष्ठ से समन्वय कर कार्मिकों को सुबह 6.30 बजे तक एमएलएसयू परिसर तक पहुंचाने के लिए आवश्यकतानुसार रोडवेज बसों की सशुल्क व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार 26 अप्रैल को मतदान के पश्चात कार्मिकों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए एमएलएसयू परिसर में प्रत्येक तहसील व पंचायत समिति मुख्यालय के लिए पर्याप्त वाहन व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया है।

# कहीं आंगन में तो कहीं पेड़ की छांव में लगा मतदान बूथ
## गुरूवार को सर्वाधिक 604 बुजुर्ग व दिव्यांगजन ने की होम वोटिंग

पदमावत मीडिया

उदयपुर । लोकसभा आम चुनाव- 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रही होम वोटिंग के तहत कहीं आंगन में तो कहीं पेड़ की छांव में बूथ लगाकर बुजुर्ग और दिव्यांगजनों को होम वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मतदाता भी पूर्ण उत्साह के साथ सहयोग कर रहे हैं। उदयपुर जिले में गुरूवार को सर्वाधिक 604 मतदाताओं ने घर बैठे मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में उदयपुर जिले में 14 अप्रैल से होम वोटिंग का प्रथम चरण शुरू हुआ।



जिले में गठित 70 मतदान दल अपने-अपने आवंटित विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार भ्रमण कर चिन्हित मतदाताओं से मतदान करा रहे हैं। होम वोटिंग प्रकोष्ठ प्रभारी तरू सुराणा ने बताया कि गुरूवार को जिले में 112 लक्षित दिव्यांगजन में से 108 तथा 519 लक्षित वरिष्ठ नागरिकों में से 496 ने मताधिकार का उपयोग किया। जिले में 14 से 18 अप्रैल तक कुल 2556 वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजन ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ लिया है। होम वोटिंग का प्रथम चरण 21 अप्रैल तक जारी रहेगा। प्रथम चरण में अपने निवास पर अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं को 22 एवं 23 अप्रैल के द्वितीय चरण में मतदान कराने का प्रयास किया जाएगा। दोनों ही बार अनुपस्थित पाए जाने वाले मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रहेंगे। मतदाता सूची में पीबी अंकित होने से वे 26 अप्रैल को मतदान केंद्र पर भी मतदान नहीं कर पाएंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने का आह्वान

पदमावत मीडिया

उदयपुर । आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के निर्देश पर सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा ने गुरूवार को सलूम्बर बार एसोसिएशन पदाधिकारियों की बैठक ली। साथ ही सलूम्बर जिला कलक्टर से भी मुलाकाल तक राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर चर्चा की।

एडीजे शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। वीडियो कांफ्रेन्सिंग एवं अन्य माध्यमों का उपयोग करते हुए न्यायिक अधिकारीगण एवम् प्रशासनिक अधिकारीगण की मीटिंग ली जा रही है। इसी क्रम में बार एसोसिएशन सलूंबर के अधिवक्तागण के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों को लोक अदालत में रखने एवं उनका निस्तारण किए जाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर एडीजे खेरवाड़ा प्रवीण कुमार, एसीजेएम खेरवाड़ा किरण कुमार चौहान ने भी अधिवक्तागण को अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाने एवं पक्षकारों से समझाइश करते हुए निस्तारण करवाने पर चर्चा की गई। जिला कलेक्टर सलूंबर के साथ भी बैठक कर अधिकाधिक राजस्व प्रकरणों को निस्तारित करने पर चर्चा की गई।

# लोकतंत्र एवं जन सहभागिता विषयक संगोष्ठी का आयोजन

पदमावत मीडिया

उदयपुर । लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए शहर के पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में लोकतंत्र एवं जनसहभागिता विषयक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक डॉ.सुरेन्द्र छंगाणी ने लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताते हुए सभी को मतदान करने एवं आमजन को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूक किया। संस्थान की डॉ. पद्मा मील ने भी लोकतंत्र के महापर्व पर अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया।



# गर्मी में लू से बचने के आसान घरेलू उपाय

गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है. चिलचिलाती गर्मी में लू से बचने के लिए घरेलू उपाय काफी कारगर साबित होते हैं.



- धूप में निकलते वक्त छाते का इस्तेमाल करना चाहिए. सिर ढक कर धूप में निकलने से भी लू से बचा जा सकता है.
- घर से पानी या कोई ठंडा शरबत पीकर बाहर निकलें. जैसे आम पना, शिकंजी, खस का शर्बत ज्यादा फायदेमंद है.
- तेज धूप से आते ही और ज्यादा पसीना आने पर फौरन ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए.
- गर्मी के दिनों में बार-बार पानी पीते रहना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न हो.
- पानी में नींबू और नमक मिलाकर दिन में दो-तीन बार पीते रहने से लू लगने का खतरा कम रहता है.
- धूप में बाहर जाते वक्त खाली पेट नहीं जाना चाहिए.
- सब्जियों के सूप का सेवन करने से भी लू से बचा जा सकता है.
- गर्मी के दिनों में हल्का भोजन करना चाहिए. भोजन में दही को शामिल करना चाहिए.
- नहाने से पहले जौ के आटे को पानी में मिलाकर पेस्ट बनाकर बॉडी पर लगाकर कुछ देर बाद ठंडे पानी से नहाने से लू का असर कम होता है.
- लू से बचने के लिए कच्चे आम का लेप बनाकर पैरों के तलवों पर मालिश करनी चाहिए.
- लू लगने और ज्यादा गर्मी में शरीर पर घमौरियां हो जाती हैं. बेसन को पानी में घोलकर घमौरियों पर लगाने से फायदा होता है.
- लू लगने पर जौ के आटे और प्याज को पीसकर पेस्ट बनाएं और उसे शरीर पर लगाएं. जरूर राहत मिलेगी.
- धूप में निकलने से पहले नाखून पर प्याज घिसकर लगाने से लू नहीं लगती. यही नहीं धूप में बाहर निकलते वक्त अगर आप छिला हुआ प?याज लेकर साथ चलेंगे तो भी आपको लू नहीं लगेगी.
- धूप से आने के बाद थोड़ा सा प्याज का रस शहद में मिलाकर चाटने से लू लगने का खतरा कम होता है.
- गर्मी के मौसम में खाने के बाद गुड़ खाने से भी लू लगने का डर कम होता है.
- टमाटर की चटनी, नारियल और पेठा खाने से भी लू नही लगती.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।